OPIOAAB

S4BA - Hindi - II
5/10/15

समय : ढाई घंटे

पूर्णांक : ७५

१ निम्नलिखित अवतरणों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :- १६

अ) "सिद्धि- हेतु स्वामी गये ,यह गौरव की बात;

पर चोरी-चोरी गये, यही बड़ा व्याधात

सखि , वे मुझसे कहकर जाते ,

कह, तो क्या मुझको वे अपनी पथ- बाधा ही पाते ?"

अथवा

" दूँ किस मुँह से तुम्हें उलाहना ?"

नाथ, मुझे इतना ही कहना

हाय!, स्वार्थनी थी मैं ऐसी ; रोक तुम्हें रख लेती ?

जहाँ राज्य भी त्याज्य, वहाँ मैं जाने तुम्हें न देती ?"

आ) " खेती न किसान को भिखारी न भीख बलि बनिक को बनिज न चाकर को चाकरी

जीविका विहीन सिद्यमान सोचबस कहें एक एकन सों कहाँ जाई का करी "

अथवा

" पग घुँगरू बांध मीरा नाची रे

लोग कहें मीरां हो गयी बावरि, सास कहे कुलनासी रे

जहर का प्याला राणा भेज्या, पीवत मीरा हासी रे

मैं तो अपने नारायण की, हो गयी आप ही दासी रे

'मीराँ 'के प्रभु गिरधर नागर, बेगि मिलो अविनासी रे"

प्रश्न २ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- ३०

क) बुद्ध के व्यक्तित्व पर प्रकाश ड़ालिए।

अथवा

'यशोधरा' खंडकाव्य के उद्देश्य की चर्चा कीजिए।

ख) बिहारी की 'भक्ति -भावना' पर प्रकाश डालिए।

अथवा

सूरदास की 'भक्ति-भावाना' पर प्रकाश ड़ालिए।

OP10AAB

प्रश्न ३ निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर लिखिए :- ०९

ग) राजा शुद्धोदन की पीड़ा को अपने शब्दों में लिखिए ।

अथवा

रहीम की 'भक्ति- भावाना' पर प्रकाश डालिए ।

प्रश्न ४ निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए :- १०

च) राहुल जननी

अथवा

बुद्धदेव

छ) कबीर के सतृगुरु

अथवा

गोस्वामी तुलसीदास के राम

प्रश्न ५ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :- १०

१) यशोधरा के पिता का नाम लिखिए ।

२) यशोधरा का दूसरा नाम क्या था ?

३) बुद्ध के पुत्र का नाम बताइए।

४) राजगृह के राजा का नाम बताइए ।

५) बुद्ध को खीर किसने दी ?

६) कबीर किस भक्तिधारा के संत कवि थे ?

७) 'भ्रमर 'किसे कहते हैं ?

८) मीराबाई किस प्रदेश की थीं ?

९) रहीम का पूरा नाम लिखिए ।

१०) बिहारी किस काल के कवि थे ?